हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

11 निःशुल्क भोजन पर गैस की मार व्यवस्था बंद...



12 एडीसी ने स्कूलों में औचक निरीक्षण ...



SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

EST. 1994

#1 SCHOOL IN BHIWANI

32 YRS LEGACY

# ADMISSIONS OPEN 2026

BE A PART OF BHIWANI'S MOST PREMIUM CBSE SCHOOL

## Academic Excellence

Disciplined Learning Environment
Student-centric Teaching Approach
Emphasis on Personality Development
Value-based Education

## World-Class Facilities

NCC Training Program
Safe & Secure Campus
Sports & Co-curricular Activities
AC Classrooms

Join Us

## A Day Boarding School

Learning, guidance, and care throughout the day

### Competitive Coaching Integrated Program

since 1993 CAREER POINT

- NEET
- JEE
- NDA
- Pre-Foundation
- Olympiads
- & More

### Our Approach to Education

At Saraswati Vidya Vihar, education goes beyond textbooks.

We focus on discipline, values, and character while nurturing academic excellence. Our structured learning environment helps students grow into confident, responsible, and well-rounded individuals.

911 411 6000
911 411 8000

www.saraswatividyavihar.in
Asalwas Dubia, Bhiwani, Haryana, 127030

# SHINE 2026
Saraswati Holistic Intelligence Nurturing Exam

SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

## GIVE ONE EXAM. WIN UPTO 100% SCHOLARSHIP TILL CLASS 12



An opportunity that rewards merit today and supports your child's education till Class 12.

**Sunday, 15th March, 2026** | **10:00 am Onwards**

## PRIZES (For each class)

**Classes 1 to 5:**
1st - Bicycle
2nd - Sports Kit
3rd - Educational Aids

**Classes 6 to 8:**
1st - Tablet
2nd - Bicycle
3rd - Sports Kit

**Classes 9 to 12:**
1st - Laptop
2nd - Tablet
3rd - Sports Kit

Secure scholarship from your admission year till Class 12.

- **Rank 1:** 100% fee concession
- **Rank 6 to 10:** 30% fee concession
- **Rank 2 to 5:** 50% fee concession
- **Rank 11 to 20:** 10% fee concession

## HOW TO REGISTER FOR SHINE 2026?

1. **Visit www.saraswatividyavihar.in** and fill the SHINE 2026 Registration Form
2. **Download the admit card** or collect it from the Admission Desk
3. **Bring admit card and a valid ID** on exam day

**Important Information**

Instant prizes will be awarded on the same day of the exam.

The scholarship is applicable only after admission and will remain valid up to Class 12th, subject to school norms and academic performance.

Or scan the QR for registration process.

One Exam. Years of Benefit.

Register Now: 911 411 6000 911 411 8000 www.saraswatividyavihar.in

## खबर संक्षेप

### चौथा अखाड़ा और जागरण 15 को

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी में एक बार फिर बाबा श्याम के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। श्रीश्याम परिवार पुष्प वाटिका के तत्वावधान में 15 मार्च रविवार को श्रीश्याम प्रभु खाटू वाले का भव्य चौथा अखाड़ा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार शाम को होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर परिषद भिवानी के वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप तंवर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए नामचीन भजन गायक और कलाकार शिरकत कर रहे हैं।

### गांव दगड़ौली में तीन दिवसीय प्रतियोगिता शुरू

**बाढ़ड़ा।** गांव दगड़ौली में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिन शुक्रवार को मौजिज ग्रामीणों ने विधिवत हवन-यज्ञ किया गया और खेल परिसर का उद्घाटन किया। प्रथम दिन के मुकाबले में इंडियन आर्मी की साउथ कमांड व कादमा गांव की टीमों के मध्य मैच शुरू हुआ। नौकायान की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों के मार्चपास्ट की सलामी ली। गांव में नवनिर्मित वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाघाटन गांव के वरिष्ठ व्यक्ति चौधरी अमर चन्द, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा दगड़ौली, जिला पार्षद अशोक थालारे, बीडीसी गुणपाल कादयान ने कर खेल गतिविधियों में बढ़ चढकर भागीदारी की अपील की।

### अठावले के निर्विरोध चुने जाने पर जताई खुशी

**भिवानी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के लगातार तीसरी बार निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आरपीआई (अठावले) के वरिष्ठ सदस्य विश्वजीत सिंह तंवर ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाई और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विश्वजीत सिंह तंवर ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामदास अठावले पर तीसरी बार भरोसा जताना जनहित की जीत है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आभारी हैं।

### स्कूल बस और पिकअप भिड़ी, बस चालक की मौत

**बहल।** सिधनवा-रोढ़ा मार्ग पर शुक्रवार सुबह स्कूल बस और पिकअप की टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिधनवा निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई रामकिशन (37) आईपीएस स्कूल ईशरवाल की बस चलाता था। शुक्रवार सुबह वह बस में बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। सुबह करीब 7:30 बजे जब बस गांव रोढ़ा के पास सज्जन के खेत के नजदीक पहुंची, तभी सामने से आ रही पिकअप गाड़ी चालक ने बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक रामकिशन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत उपचार के लिए सीएचसी लोहारू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### री-ओपन होने वाली शिकायतों पर अधिकारी स्वयं कार्य करें : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में समाधान शिविर व सीएम विंडो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बैठक में विशेष रूप से बार-बार री-ओपन होने वाली शिकायतों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीएम विंडो पर आने वाली तथा पहले से लंबित शिकायतों को संबंधित विभाग पूरी गंभीरता और गहनता से जांचें। जिन विभागों की शिकायतें बार-बार रीओपन हो रही हैं, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मामलों की समीक्षा करें और स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

## गैस की बजाय मिट्टी की भट्टी पर तैयार कर रहे भोजन

# निःशुल्क भोजन पर गैस की मार व्यवस्था बंद होने के कगार पर

**गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से लकड़ी का स्टॉक खरीदा : बांके बिहारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** राधा रानी भंडारा के तहत मिट्टी की अंगीठी पर खाना बनाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर भिवानी में देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा गैस सिलेंडरों की कमी बन रही है। गैस न मिलने से बेसहारा व जरूरतमंदों को दिया जाने वाला भोजन पर विराम लगने की आशंका बन गई है। हालांकि राधा-रानी की निःशुल्क भोजन व्यवस्था बदलने जा रही है,अब वे गैस सिलेंडर की बजाय मिट्टी की भट्टी पर खाना बनाना शुरू कर दिया है, लेकिन कुछ संस्थाओं ने गैस की सप्लाई न मिलने की वजह से बंद करने का रहे हैं।

वहीं अन्य सामाजिक संगठन भी इस तरह के कार्य बंद करने जा रहे। जिनमें काम करने का जुनून हो तो विषम परिस्थितियों में भी कोई कोई न रास्ता जरूर निकाल लेते हैं। ऐसा ही मामला शाम के रोजाना वश्य कॉलेज के निःशुल्क खाना खिलाने वालो ने कर दिखाया। गैस के सिलेंडर नहीं मिलने की वजह से अब राधा रानी की रसोई का खाना मिट्टी के भट्टी पर तैयार करना आरम्भ कर दिया है। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए शुक्रवार को ही लकड़ियों का स्टॉक भी खरीद लिया ,ताकि कई दिनों तक भोजन तैयार करवा कर जरूरतमंदों को भोजन खिलाया जा सके। वे पिछले करीब दो दशक से वैश्य कॉलेज के समक्ष जरूतरमंदों को भोजन खिला रहे है। उक्त संस्था के संचालक श्री बांके बिहारी बरसाने वाला ने बताया कि वे कई दिनों से यह व्यवस्था बनाए हुए हैं।

### राधा-रानी के भंडारे में रोज सौ लोग करते हैं भोजन

**वैश्य कॉलेज के पास फुटपाथ पर फर्श बिछाकर खिलाया जाता है जरूरतमंदों को खाना**

संस्था के संचालक श्री बांके बिहारी बरसाने वाला ने बताया कि वे रोजाना करीब सौ लोगों के लिए भोजन तैयार करवा कर वैश्य कॉलेज के पास ले जाते है। वहां पर फुटपाथ पर फर्श बिछाकर लोगों को भोजन करवाया जाता है। इस दौरान भोजन लेने वालों की तादाद बढ़ जाए तो वे उनको भी भोजन करवाया जाता है। यहां यह बताते चले कि उक्त जगह पर रेलवे स्टेशन पर बैठे साधु व अन्य आसपास इलाके के लोग भी भोजन करने के लिए पहुंचते है।

### गैस नहीं मिली तो व्यवस्था होगी बंद

श्रीमति देवी बाई आश्रम में रोजाना 20 अंधे व जरूरतमंदों को भोजन खिलाते है, लेकिन गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था दम तोड़ती नजर आने लगी है। व्यवस्था संचालक आशु ने बताया कि उनके पास एक गैस सिलेंडर है। उससे वे किस तरह से रोजाना आश्रम में खाना खिला पाएंगे। इस बारे जिला प्रशासन को मदद करनी चाहिए। दूसरी तरफ खादय एवं पूर्ति विभाग के सहायक खादय एवं पूर्ति अधिकारी मुकेश ने बताया कि शहर में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। बुकिंग के आधार गैस सिलेंडर ले। निःशुल्क भोजन व्यवस्था चलाने वालों को गैस सिलेंडर देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## एलपीजी, तेल जैसी जरूरत की सुविधाओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं : सोमवीर घसौला

**बाढ़ड़ा।** कमर्शियल गैस सिलेंडर व तेल की संभावित भारी किल्लत पर सरकार को तत्काल प्रभाव से नियंत्र कर हर जरुरतमंद व्यक्ति को इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। इनकी कमी से गरीब लोगों को भय के साथ में महंगे भावों में सिलेंडर लेना पड़ रहा है। यह बात हरियाणा स्टोन क्रैशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमवीर सिंह घसौला ने हलके के दौरे के दौरान पहाड़ी क्षेत्र के श्रमिकों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि आज देशभर स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि अब क इसका असर केवल होटलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पहाड़ी श्रमिकों, शिक्षण संसथाओं के भंडारे से लेकर अस्पतालों के बाहर लगने वाले भंडारे और खिलाड़ियों के हॉस्टल तक पहुंच गया है। सबसे दुखद स्थिति गरीब परिवारों को ना तो सिलेंडर मिल रहा है और ना ही पंचकूला स्थित माता मनसा देवी न्यू भंडारा हॉल से सामने आई है, जो पूरी तरह बंद हो चुका है। यहां से संचालित होने वाली 14 मोबाइल वैन थम गई है। उन्होंने कहा कि जब अस्पतालों के बाहर भंडारे बंद हो रहे हैं और खिलाड़ियों को भूखा रहना पड़ रहा है, तो मुख्यमंत्री और विधायक कहां है। कमर्शियल सिलेंडर की कमी अचानक पैदा नहीं हुई, यह प्रशासनिक कुप्रबंधन और मिलीभगत का नतीजा है।

- हरियाणा स्टोन क्रैशर एसो. अध्यक्ष सोमवीर सिंह घसौला ने श्रमिकों को किया संबोधित

## पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी नजर : उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी से खाद्य एवं पूर्ति विभाग के साथ-साथ जिला में सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की कालाबाजारी या अवैध रूप से कहीं भी भंडारण न हो। डीसी ने निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध होने के बावजूद भी इनकी कमी या न होने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि कोई एजेंसी संचालक ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम) भिवानी को पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की उपलब्धता व आपूर्ति की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीटीएम जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) तथा ऑयल इंडस्ट्री के जिला स्तरीय समन्वयक के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

- सिटी मजिस्ट्रेट भिवानी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया : डीसी

## ईरान-इजराइल युद्ध का भारत पर नहीं होगा असरः शाहनवाज हुसैन



**भिवानी।** अपना घर आश्रम में महिलाओं से बातचीत करते हुए।।

**भिवानी।** पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन शुक्रवार को भिवानी के अल्प प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की, वृद्धाश्रम का अवलोकन किया और देश की विदेश नीति सहित ज्वलंत अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। शाहनवाज हुसैन विशेष रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह तंवर के महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे। ओमवीर सिंह तंवर और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शाहनवाज हुसैन को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शाहनवाज हुसैन ने भिवानी में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ मिलकर नमाज अता की। इसके पश्चात वे श्रीकृष्णा प्रणामी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वहां पर सद्धानंद महाराज द्वारा संचालित अपना घर वृद्धाश्रम का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध पर स्पष्ट किया कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का भारत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## आकांक्षा हाट का तीसरा दिन रहा स्किल डेवलपमेंट थीम को समर्पित

**बाढ़ड़ा।** नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी खंड कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय आकांक्षा हाट के तीसरे दिन का आयोजन स्किल डेवलपमेंट थीम पर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों तथा स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों, सेवाओं और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया।

**विभिन्न विभागों तथा स्थानीय उद्यमियों ने लगाए स्टाल**

हाट में आए लोगों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं, उत्पादों तथा कौशल आधारित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से डॉ. सत्यपाल शास्त्री, डिप्टी डीईओ तथा प्राचार्य योगेश सांगवान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आकांक्षा हाट में लगाए गए विभिन्न विभागों और उद्यमियों के स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। आकांक्षा हाट में शिक्षा विभाग द्वारा एनएसयूएफ के अंतर्गत विशेष स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास की महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

# मांगों को लेकर एक्सईएन से मिली पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन

**कठिन परिस्थितियों में सेवाएं देने के बावजूद भी कर्मचारी बुनियादी सुविधाओं से महरूम : सुरजीत रंगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- अब समय आश्वासन का नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई का : भाली
- फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी को बुनियादी सुविधाएं दी जाएं

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) की आईबी बौंद इकाई ने प्रशासनिक स्तर पर अपनी सक्रियता दिखाते हुए कार्यकारी अभियंता बौंद (एक्सईन) से मुलाकात की।

यह मुलाकात ना केवल एक शिष्टाचार भेंट थी, बल्कि कर्मचारियों की लंबे समय से अटकी मांगों को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी रही। बैठक की शुरुआत में यूनियन के पदाधिकारियों ने कार्यकारी अभियंता, बौंद डिवीजन को यूनियन की वार्षिक डायरी सप्रेम भेंट की। यूनियन के सदस्यों ने बताया कि यह डायरी संगठन की एकता और वर्षभर के संकल्पों का प्रतीक है। इस दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल में विभाग और कर्मचारियों के बीच समन्वय पर चर्चा हुई। औपचारिक भेंट के बाद चर्चा का रुख कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं की ओर मुड़ गया। यूनियन पदाधिकारियों ने कार्यकारी अभियंता को स्पष्ट किया कि फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी बेहद कठिन परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों को नजर अंदाज किया जा रहा है। वरिष्ठ उपप्रधान आजाद भाली ने कहा कि अब समय आश्वासन का नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई का है। उन्होंने मांग की कि इन समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाए, ताकि कर्मचारियों में पनप रहे रोष को समय रहते शांत किया जा सके। सचिव सुरजीत रंगा व वरिष्ठ उपप्रधान आजाद भाली ने कहा कि जब तक फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी को बुनियादी सुविधाएं और सुरक्षा उपकरण नहीं मिलेंगे, तब तक कार्यप्रणाली में सुधार की उम्मीद करना बेमानी है। विभाग को जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा करना चाहिए। इस बैठक के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ उपप्रधान आजाद भाली, सचिव सुरजीत रंगा और धर्मवीर सहित यूनियन के अन्य सक्रिय सदस्य व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में विभाग से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा की है।



## एबीवीपी की संगोष्ठी में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा व समाज निर्माण पर चर्चा

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भिवानी इकाई ने राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में महिला थाना की एसएचओ कमलेश देवी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुमारी तन्नू पूनिया, प्रदेश सह मंत्री विकास कायत, जिला संयोजक रोहित बूरा व नगर मंत्री रवि भारद्वाज ने शिरकत की। मुख्यतिथि एसएचओ कमलेश देवी ने छात्राओं को कानून और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज की नारी अबला नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में नेतृत्व करने वाली शक्ति है। कॉलेज की छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए, आपके साथ कहीं भी कुछ गलत होता है तो उसे सहें नहीं, बल्कि मुखर होकर अपनी आवाज उठाएं। पुलिस प्रशासन सदैव आपकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक टिप्स भी छात्राओं के साथ साझा किए।

## आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी क्राइम अनूप कुमार ने बताया कि 12 मार्च की रात को सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के इंचार्ज उप निरीक्षक विशेष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम तोशाम बाईपास भिवानी क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मुंह ढककर तोशाम बाईपास के पास खड़े हैं और उनके पास अवैध हथियार हैं, जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक तेज गति से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल चालक का संतुलन बिगड़ गया और मोटरसाइकिल सड़क किनारे लगी ग्रिल से टकरा गई। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों युवकों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। हादसे में घायल होने के कारण दोनों आरोपियों को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल भिवानी में दाखिल करवाया गया। आरोपियों की पहचान जॉनी तथा अंकित निवासी गांव डोहकी जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है।

- आरोपियों से एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद

## अधिकारों को लेकर गरजा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, दूसरे चरण में किया प्रदर्शन



**भिवानी।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर घोषित राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुक्रवार को अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर गया। इस दौरान देश के 725 जिला मुख्यालयों सहित स्थानीय लघु सचिवालय पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले ओबीसी समाज ने प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक जांगड़ा ने कहा कि कैबिनेट द्वारा फैसला लिए जाने के बावजूद जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी जातियों के लिए अलग कॉलम नहीं दिया है, ये करोड़ों ओबीसी नागरिकों के हक पर डाका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमजोर यूजीसी रेगुलेशन और कोर्ट में ढुलमुल पैरवी के कारण एससी, एसटी और ओबीसी के शैक्षिक हितों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।



**भिवानी।** प्राचार्या व शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय की रीधिमा का जेईई मैन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- प्राचार्या व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय की मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा रिधिमा ने जेईई मैन्स परीक्षा 2026 में 98.88 परसेंटाइल हासिल कर इतिहास रच दिया है। रिधिमा की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि भिवानी जिले का भी मान बढ़ाया है।

रिधिमा के साथ ही जहानवी ने 95.1 परसेंटाइल, सांची ने 86 परसेंटाइल, रिया कौशिक ने 85.7 परसेंटाइल, अरमान फोगाट ने 84.8 परसेंटाइल और हर्षित शर्मा ने 82 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय का नाम गोरांवित किया है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी सोहेल ने 2023 में 99.9 परसेंटाइल हासिल कर हरियाणा राज्य में टॉप किया था, जबकि दिशा कुमारी ने 2024 में नीट में 720 में 711 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। रितिक ने 2025 में 99.9 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय का नाम गोरांवित किया था। प्राचार्या सविता घणघस ने सभी विद्यार्थियों को फूल माला पहनकर और इनाम देकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि का श्रेय विज्ञान प्रवक्ता अनिल अरोड़ा, राकेश रोहिल्ला, राकेश वाधवा, मनोज कुमार, हेमंत कुमार, गुरदीप, चरणजीत, बलजीत व सुरेश आदि को दिया। प्राचार्या ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके माता-पिता और अध्यापकों के अथक प्रयासों को भी जाता है। बीईओ अनिल गौड़ ने विद्यालय के स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक और प्राचार्य को बधाई दी।

## तोशाम के बीएलजेएस महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# संगोष्ठी में वायु प्रदूषण के घटकों पर प्रकाश डाला और प्रदूषण संरक्षण का महत्व व उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित वायु गुणवत्ता अनुसन्धान में प्रगतिः वर्तमान और उभरते हुए बदलाव/विषय पर गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश वत्स जिला वन अधिकारी भिवानी, मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा से अनुबन्ध प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज व महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से गणित विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. दिलीप सिंह उपस्थित हुए। संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। संगोष्ठी आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के स्थानीय संरक्षक देवेन्द्र देव शर्मा ने की। प्राचार्य श्याम वशिष्ठ ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. गीतिका शर्मा ने सभी विद्वज्जनों का स्वागत किया और विषय की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में अनुबन्ध प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज ने वायु गुणवत्ता सूचकांक के विषय में वेदों व विज्ञान के सन्दर्भों से महत्त्वपूर्ण व अद्भुत जानकारियाँ प्रदान की।

पंचतत्त्व व ओजोन के विषय में बताते हुए वायु प्रदूषण के विभिन्न घटकों पर प्रकाश डाला व प्रदूषण संरक्षण का महत्त्व व उपाय बताए। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश वत्स ने वायु प्रदूषण व संरक्षण पर सारगर्भित प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में पहुँचे मुख्य वक्ता डॉ. दिलीप सिंह पूर्व प्रोफेसर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक ने प्रदूषण संरक्षण के साथ-साथ आसनों व योगों के महत्त्व को भी समझाया। अंतिम व समापन सत्र में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी से डॉ. सुरेन्द्र कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. गीतिका शर्मा ने संगोष्ठी में पधारे सभी वक्ताओं, विभिन्न स्थानों से आए विद्वज्जनों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

B.P.R. INTERNATIONAL SCHOOL
Near HDFC Bank, Bawani Khera (Bhiwani)
Permanent Affiliation (English Medium) CBSE Pattern
WE ARE HIRING!
• Principal • Vice-Principal
• Co-ordinator : Primary-Middle
• PRT : English, EVS, Hindi, Mathematics
• TGT : (All Sub.) Mathematics, S.S., English, Science, Music, Hindi
• Others : DPE (Female), Receptionist (Female)
• Mother Teacher • Guard • Driver
Salary commensurate with experience. Proficiency in English is must.
Walk in interview on 15/03/2026 (Sunday)
Between 10:00 a.m to 2:00 p.m at school campus. Mail your resume at:
bprinternationalschool1@gmail.com Contact : 9812803400

## खबर संक्षेप

### कंपनी पर लगाया मनमानी का आरोप

**तोशाम।** खानक पहाड़ में ग्रामीणों ने धनसर कंपनी पर कांटो को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एचएसआईआईडीसी को की है। ग्रामीण रविंद्र, अनिल, सुरेश, जितेंद्र, प्रवीण, सुनील, दिनेश व अजय ने बताया कि उनकी कांटे 1,2,3 नंबर से चलती हैं। जो रास्ता ग्राम पंचायत द्वारा दिया गया है। गांव के ही युवाओं द्वारा रोजगार व अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत मानव अधिकार आयोग को कर रखी है। जिसको लेकर धनसर कंपनी के कर्मचारी उन्हें तंग कर रहे हैं।

### काउंसिल के चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी: डीसी

**भिवानी।** पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के 18 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में वीसी रूम में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल का चुनाव 18 मार्च को निर्धारित है। 16 मार्च को पोलिंग पार्टियों को चुनाव से संबंधित ट्रेनिंग करवाई जाएगी। 17 मार्च को ट्रेजरी के सामने पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री दी जाएगी।

### घर से बाहर निकलने से गुरेज करने लगे लोग

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में बंदरों का आतंक छाया हुआ है। जिससे शहरवासी खतरे के साए में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शहरवासियों में बलबीर, रमेश कुमार, रमन कुमार, सोमनाथ, रिंकू, अशोक, प्रवीन आदि ने बताया कि शहर का ऐसा कोई वार्ड व गली नहीं है जहां बंदरों का जमावड़ा न हो। बंदर पूरी टोली के साथ घरों व मार्किट में उतरते हैं और घरों सामान उठाकर ले जाते हैं। लोगों को घर से बाहर निकलते हुए भी भय लगता है। क्योंकि घर का सामान लाते समय ये हमला करके छिन ले जाते हैं और हमला करके काट लेते हैं। लोगों की मानें तो उनका जीना दुभर हो चुका है।

### गोशाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन आज होगा

**बवानीखेड़ा।** आज बवानीखेड़ा स्थित श्री सनातन गोसेवा धाम समिति में वार्षिकोत्सव को लेकर सुबह 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डेरा बाबा रामरूप के महंत गुमानदास, बाबा सोमवारपुरी कुटीधाम के महंत कैलाशगिरी, डरा बाबा जरनानाथ के महंत विचारनाथ के सानिधिय में होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी दयानंद रावलवासिया होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कपूर वाल्मीकि करेंगे।

### सीवरेज प्रणाली समस्या बनी, नहीं हो रहा समाधान

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के ढुंढवा जोहड़ स्थित राजकीय मॉडल प्राथमिक पाठशाला के मुख्य द्वार पर सीवरेज प्रणाली की समस्या बनी हुई है। विद्यालय में दाखिल होने से पहले स्टाफ व विद्यार्थियों को सीवरेज के गंदे पानी को लांघकर विद्यालय में जाना पड़ता है।

## एडीसी ने निरीक्षण के दौरान पौधारोपण कर दिया विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# एडीसी ने स्कूलों में औचक निरीक्षण कर लिया मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन योजना का जायजा



**भिवानी।** स्कूलों का निरीक्षण करते एडीसी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने विभिन्न स्कूलों का दौरा किया और मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण प्रोत्साहन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

**एसडीएम ने मिड डे मील में तैयार किए जाने वाले दोपहर के भोजन की गुणवत्ता जांची**

रइस दौरान उन्होंने स्कूल मुखियाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी ने राजकीय उच्च स्कूल मिलकपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुंगड़, राजकीय प्राथमिक पाठशाला दुधवा जोहड़ बवानी खेड़ा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढाणी कुशाल, राजकीय हाई स्कूल नांगल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनाना के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान एडीसी ने विभिन्न स्कूलों में मिड डे मील में तैयार किए जाने वाले दोपहर के भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बच्चों के लिए रसोई में रखे गए सामान को देखा। इसके साथ उन्होंने स्कूल परिसरों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए।

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें

बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने स्कूल परिसरों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि बच्चों को शिक्षण कार्य के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की जानकारी दी जाए। बच्चों के अंदर समाज और राष्ट्र सेवा की भावना का होना भी जरूरी है। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने विभिन्न स्कूलों में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## प्रत्येक एजेंसी हर महीने में आधार पंजीकरण और अन्य सेवाओं की प्रस्तुत करेंगी रिपोर्ट: एडीसी

- नागरिकों को विभिन्न स्थानों पर आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं दी जा रही है नि :शुल्क

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आधार कार्ड से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने क्रीड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक एजेंसी हर महीने आधार पंजीकरण व आधार कार्ड दुरूस्त करने और अन्य सेवाओं के कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिले में 23 आधार सेंटर चलाए जा रहे हैं, इनमें विभिन्न जगहों पर 12 सेंटर ऐसे हैं, जहां पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशानुसार नागरिकों को आधार पंजीकरण, दुरूस्त करवाने व अन्य सेवाएं निःशुल्क दी जा रही हैं।

एडीसी ने बैठक में बताया कि जिला में आधार कार्ड पंजीकरण, अद्यतन व अन्य सेवाओं को निःशुल्क देने के लिए विभिन्न स्थानों पर आधार मशीने लगाई गई हैं। क्रीड द्वारा लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र भिवानी, बीडीपीओ ऑफिस सिवानी, बवानी खेड़ा व तोशाम, बीडीपीओ ऑफिस लोहारू (एमसी) व बवानीखेड़ा एमसी कार्यालय में आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं निःशुल्क दी जा रही हैं।

इसी प्रकार से स्वास्थ्य विभाग द्वारा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष आधार सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें पीएचसी जुई, ढ़ाणी माहू, तालू, सुई व पंवार होस्पिटल शामिल हैं। यहां पर आधार कार्ड की निःशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इन निःशुल्क आधार कार्ड सेंटरों के बारे में लोगों को जागरूक करें। एडीसी ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा भी आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं दी जा रही हैं।

## कर्मचारियों की लीव से संबंधित डेटा सही-अपडेट रखें: एसडीएम

- इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में प्रदेश सरकार के इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर कर्मचारियों की लीव (अवकाश) से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पोर्टल पर अवकाश से जुड़ी प्रक्रियाओं को समयबद्ध और सही तरीके से अपडेट करने के निर्देश दिए गए। एडीसी ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों की छुट्टियों से संबंधित आवेदन, स्वीकृति और रिकॉर्ड इंटर हरियाणा पोर्टल पर ही दर्ज किए जाएं, ताकि कार्य प्रणाली पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर अवकाश से संबंधित लंबित पड़े मामलों की नियमित रूप से समीक्षा करें और उन्हें जल्द से जल्द निपटाएं। बैठक में यह भी कहा गया कि कर्मचारियों की लीव से संबंधित डेटा सही और अपडेट होना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक परेशानी न आए। एडीसी ने कहा कि इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से सरकारी कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बनाने का उद्देश्य है, इसलिए विभाग अपने-अपने स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम तोशाम प्रदीप अहलावत, सीटीएम अनिल कुमार, सीएमजीजीए रिषव रंजन, सीएमओ रघुवीर शांडिल्य, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, एलडीएम बिभूति पांडे, तहसीलदार जयबीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 8 व 9 की हड़ताल को लेकर किया मंथन

- अग्निशमनकर्मी भवीचंद व रणबीर को शहीद का दर्जा दिलाने को 8 व 9 अप्रैल को करेंगे हड़ताल : राजेंद्र नगर पालिका कर्मचारी संघ फायर कर्मियों की हड़ताल का करेगा समर्थन, 14 को रोहतक में बनाएगा रणनीति : दानव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** अग्निशमन केंद्र में सभा को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के नेता जुट गए है। दो दिवसीय 8 व 9 अप्रैल की राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के हरियाणा के सभी 103 अग्निशमन केंद्रों के कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए राज्यस्तरीय नेताओं के चार टीमों का गठन किया गया है। हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह, राज्य महासचिव गुलशन भारद्वाज के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान जत्था भिवानी दमकल केंद्रों के कर्मचारियों से मिला।

### जत्था हड़ताल में शामिल होने का करेगा आह्वान

अब यह जत्था चरखी दादरी, सिवानी, हांसी, हिसार, महम व रोहतक के फायर कर्मचारियों से मीटिंग कर हड़ताल में शामिल होने का आह्वान करेगा। फायर कर्मचारियो की सभा में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सहसचिव पुरुषोत्तम दानव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अनौखी शर्मा की स्टॉल प्रेरणा बनी

- प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बनी हस्तशिल्प कला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एमएसएमई स्थानीय कार्यालय की सहायक निदेशक एवं प्रभारी रचना त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड सामने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस वीरवार से आयोजित तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी-मेले का मुख्य उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को उनके उत्पाद बेचने का एक मंच प्रदान करना है। मेले में कारीगरों व शिल्पकारों की हस्तशिल्प कला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में स्कूल-कॉलेज व के अलावा चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी प्रदर्शनी को देखने में खूब रुचि ले रहे हैं। शनिवार शाम को प्रदर्शनी का समापन होगा। समापन पर शाम करीब तीन बजे चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी मुख्य अतिथि होंगी। वहीं दूसरी ओर प्रदर्शनी में जिला सोनीपत के गांव जटिया निवासी अनौखी शर्मा की लगी हैंडमेड आभूषणों की स्टॉल अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी है। अनौखी का हैंडमेड क्राफ्ट के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।



**भिवानी।** आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### मिलेगा ऋण

*सहायक निदेशक एवं प्रभारी रचना त्रिपाठी ने बताया कि अपना कार्य शुरु करने के लिए शुरुआत में एक लाख रुपए का ऋण लिया जा सकता है। ऋण लेने के बाद छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद ऋण राशि को बढाकर दो लाख रुपए का किया जा सकता है। ब्याज दर पांच प्रतिशत रहती है।*

### 60 प्रकार के अचार

प्रदर्शनी में देशी उत्पाद की स्टाल पर नरेश कुमार ने बताया कि वह 2022 से देसी और पारंपरिक उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। वे 60 प्रकार के अचार, 8 प्रकार की चटनियां और 15 प्रकार के मुरब्बे तैयार करते हैं। वे गुड़ और खांड से बने उत्पाद, हल्दी की खेती, आंवला कैंडी और आंवला के लड्डू भी बनाते हैं, जिन्हें लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। नरेश कुमार के साथ काम करने वाले वाले सतबीर गोरैया शहद उत्पादन का कार्य करते हैं।

# ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



राजबीर सिंह , चेयरमैन सरस्वती विद्या विहार, असलवास दूबिया

- प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को बारहवीं कक्षा तक फीस में 100 प्रतिशत छूट

ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या विहार, असलवास दूबिया में एक विशेष स्कॉलरशिप टेस्ट “शाइन-2026” का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा रविवार, 15 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर देना है जो आर्थिक कारणों से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की भी घोषणा की है। कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार साइकिल, द्वितीय स्पोर्ट्स किट और तृतीय एजुकेशनल एड्स दिया जाएगा। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार टैबलेट, द्वितीय साइकिल और तृतीय स्पोर्ट्स किट दिया जाएगा। वहीं कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार लैपटॉप, द्वितीय टैबलेट और तृतीय पुरस्कार स्पोर्ट्स किट दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सभी कक्षाओं के विजेता विद्यार्थियों को तुरंत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। यदि इनमें से कोई विद्यार्थी सरस्वती विद्या विहार,आसलवास दूबिया में दाखिला लेता है तो उसे विशेष स्कॉलरशिप का लाभ भी दिया जाएगा। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को बारहवीं कक्षा तक फीस में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

दूसरे से पाँचवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत फीस छूट, छठे से दसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को 30 प्रतिशत तथा ग्यारहवें से बीसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को 10 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। यह सुविधा विद्यार्थी को बारहवीं कक्षा तक निरंतर मिलती रहेगी।

### भविष्य संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

वहीं विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक ने कहा कि सरस्वती विद्या विहार पिछले 32 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है और संस्थान का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा देना भी है। उन्होंने बताया कि यह स्कॉलरशिप टेस्ट और कैरियर फेयर विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बहल में जुमे पर नमाज अदा की

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

कस्बे की जामा मस्जिद में पवित्र रमजान महीने के आखिरी जुमे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने नमाज के दौरान देश और प्रदेश में अमन, चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी। लोगों ने कहा कि यह पवित्र महीना हमें आपस में प्रेम, प्यार और सोहार्द की भावना की सीख देता है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मस्जिद के मौलाना अबुल शाद ने नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद उन्होंने लोगों से समाज सेवा के लिए अपना योगदान देने व आपस में भाईचारे, शांति और समाज में सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। इस दौरान लोगों को जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में प्रेम व सद्भाव बढ़ाने का संदेश दिया गया।



**बहल।** जामा मस्जिद में रमजान के आखिरी जुमे पर नमाज अदा करते हुए लोग।

### तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी

नमाज के बाद सभी लोगों ने देश और प्रदेश की तरक्की, अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर आमीन खान, रीजाक मोहम्मद, मुमताज खान, सराजू दिन, रफीक खान, सलामुद्दीन, मुंशी खान हरियावास, आसीन खान देवराला, भादर खान इंदियाली, रफिक खान, फिरोज खान, मुस्ताक अली, गुलजार अली समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# अध्यापकों ने किया डोर-टू-डोर सर्वे

- मिशन एडमिशन अभियान के अंतर्गत प्राचार्या संतोष भाकर के मार्गदर्शन में टीम गठित की

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** मिशन एडमिशन अभियान में शिक्षकों संग जागरूक करते हुए नपा प्रधान सुंदर अत्री। *फोटो : हरिभूमि*

बवानीखेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन एडमिशन अभियान के अंतर्गत प्राचार्या संतोष भाकर के मार्गदर्शन में अध्यापकों की एक टीम गठित की गई। जिसने नगर व आसपास के क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सर्वे किया। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करना रहा। अध्यापकों ने बवानीखेड़ा नपा चेयरमैन सुंदर अत्रि से शिष्टाचार भेंट कर सरकारी विद्यालयों में बच्चों के दाखिले को बढ़ावा देने में सहयोग का आग्रह किया। इसके साथ ही अध्यापकों ने गांव के गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात कर उनसे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने का निवेदन किया।

### विद्यालय की उपलब्धियां बताई

इस दौरान अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अध्यापकों ने बताया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास, मिड डे मील, वाई-फाई सुविधा, सीसीटीवी कैमरे तथा सभी स्ट्रीम के विषय विशेषज्ञ अध्यापक उपलब्ध हैं। साथ ही विद्यार्थियों को सुपर-100 और बुनियाद जैसी योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर प्राप्त होता है।

## सन्त निरंकारी मिशन का लोहारी जाटू में सन्त समागम संपन्न

**जिज्ञासु भक्तों ने ब्रह्मज्ञान का दान प्राप्त किया**

# हर इंसान सुख चाहता, लेकिन सुख के मार्ग पर चलना नहीं चाहता: महात्मा नेगी

- कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालुओं तथा गांव से भारी संख्या में अन्य प्रभु प्रेमी सज्जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से गांव लोहारी जाटू के कम्यूनिटी सेंटर में संत निरंकारी मिशन का बलदेवराज नागपाल जोनल इंचार्ज के मार्गदर्शन में संत समागम का भव्य आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता चमोली उत्तराखंड से पधारे महात्मा आनंद सिंह नेगी ने की। कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालुओं तथा गांव से भारी संख्या में अन्य प्रभु प्रेमी सज्जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



**बवानीखेड़ा।** संत समागम को संबोधित करते महात्मा आनंद सिंह नेगी। *फोटो : हरिभूमि*

### आत्मज्ञान को प्राप्त करें

इस कार्यक्रम में श्री नेगी जी ने फरमाया कि मनुष्य जीवन का मुख्य मकसद है कि इंसान ब्रह्म ज्ञान के माध्यम से आत्मज्ञान को प्राप्त करें और जन्म-मृत्यु के बंधनों से मुक्ति हासिल करें। वर्तमान समय में सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ब्रह्म ज्ञान देकर इंसान को वास्तविक और व्यावहारिक भक्ति से जोड़ रहे हैं। उन्होंने करोड़ इंसान अपने अस्तित्व को ब्रह्म ज्ञान के माध्यम से ध्यान करके इंसान ने जीवन का मकसद हासिल कर लिया है और इन घरों में ब्रह्म ज्ञान को व्यावहारिक रूप में दिया जा रहा है। उन घरों में सुंदर अलौकिक प्रेममय वातावरण बना हुआ। उन्होंने फरमाया कि संसार का हर इंसान सुख चाहता है, लेकिन सुख के मार्ग पर चलना नहीं चाहता, जो सन्तों महात्माओं ने सुख प्राप्त करने का फार्मूला बताया, उसे अपने जीवन में अमल नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि सत्संग के पश्चात काफी संख्या में जिज्ञासु भक्तों ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके अपनी आत्मा का कल्याण किया।

# SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

EST. 1994

SHINE 2026
Saraswati Holistic Intelligence Nurturing Exam



# CAREER FAIR 2026

## EXPLORE GLOBAL UNIVERSITIES & BUILD YOUR FUTURE AT BHIWANI'S 1ST EVER CAREER FAIR

### CAREER FAIR BENEFITS

- Direct interaction with national & international universities.
- Exposure to New Age Careers & Global Education
- Scholarships, Financial Aid, & Education loan

### CAREER COUNSELLING

- One-on-one guidance from experienced career counsellors.
- Discover the right career path based on your interests and strengths.
- Session with DR. SHRUTI JAIN
  **Career Counselor & Admissions Expert** (India & Abroad)

  Get Personalized Career Guidance for School & College students with expert advice, future-ready pathways, and holistic support!

## INTERACT WITH 25+ NATIONAL & INTERNATIONAL UNIVERSITIES


YES Germany | MDWi | CBS International Business School | University of Birmingham | The University of Melbourne | NIMS University | Bennett University The Times Group | SRM Institute of Science & Technology

NDIM | Heriot Watt University UK \| Dubai \| Malaysia | école intuit.lab | DICS Computer Education | IILM University | ISBF | Lovely Professional University | idp International Education Specialists

APCA India | Chandigarh University | Amity University Gurgaon | BRDS | K.R. Mangalam University | IELTS English for International Opportunity | GITAM | rishihood university

And many more

**Take the First Step Towards Your Dream Career.** Visit **www.saraswatividyavihar.in**



## तीन दशकों की परंपरा, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा का विश्वास

**तीन दशकों से** अधिक समय से सरस्वती विद्या विहार इस क्षेत्र में शिक्षा, **अनुशासन और संस्कारों की एक सशक्त परंपरा** को आगे बढ़ा रहा है। इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य केवल एक विद्यालय खड़ा करना नहीं था, बल्कि ऐसा शिक्षण वातावरण तैयार करना था जहाँ विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ चरित्र, अनुशासन और जीवन मूल्यों को भी आत्मसात कर सकें।

इन वर्षों में हजारों विद्यार्थी यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि **हमारे विद्यार्थी केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि संस्कार, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास के साथ समाज में सकारात्मक योगदान देते हैं।**

भारतीय शिक्षा परंपरा में गुरुकुल व्यवस्था सदैव से ज्ञान के साथ अनुशासन और संस्कारों पर आधारित रही है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए सरस्वती विद्या विहार में **विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जाता है जहाँ वे शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता का भी विकास कर सकें।**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक समय में **बच्चों को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो उन्हें केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करे।** एक CBSE सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के रूप में **हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान करना है।**

अभिभावकों का वर्षों से मिला विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, और यही विश्वास हमें निरंतर बेहतर करने की प्रेरणा देता है।

सरस्वती विद्या विहार सदैव इस संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा कि **प्रत्येक विद्यार्थी को अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ऐसा मार्गदर्शन मिले जो उसके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन सके।**

**राजबीर सिंह**
चेयरमैन, सरस्वती विद्या विहार

सरस्वती विद्या विहार की स्थापना आदरणीय श्री संतलाल जी की दूरदर्शी सोच से हुई और समय के साथ श्री राजबीर सिंह जी के मार्गदर्शन में यह संस्थान **शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों की एक सम्मानित पहचान के रूप में विकसित हुआ है।** वर्षों से यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत मूल्यों के साथ समाज के विश्वास का केंद्र रहा है।

इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए मेरा प्रयास रहेगा कि **सरस्वती विद्या विहार को आधुनिक शिक्षा और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सशक्त बनाया जाए।** मेरा मानना है कि आज के समय में शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि विद्यार्थियों को बदलती दुनिया के लिए तैयार करना भी उतना ही आवश्यक है।

आने वाले समय में मेरा दृष्टिकोण है कि विद्यार्थियों को **पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ Artificial Intelligence (AI), Robotics, Coding, Digital Learning, Innovation Labs, Research Mindset, Entrepreneurship, Communication Skills, Global Exposure और Future Skills से जोड़ा जाए।** इसके साथ ही विद्यार्थियों को **IIT-JEE, NEET, NDA, Olympiads और अन्य Competitive Examinations** के लिए मजबूत शैक्षणिक आधार और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा, ताकि वे उच्च शिक्षा और करियर के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।

मेरा प्रयास रहेगा कि सरस्वती विद्या विहार ऐसा प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करे जहाँ **विद्यार्थी ज्ञान के साथ सोचने, समझने और सृजन करने की क्षमता विकसित करें और अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के साथ आगे बढ़ें।**

मैं पूर्ण निष्ठा के साथ इस संस्थान की परंपरा, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की विरासत को बनाए रखते हुए इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा।

**अभिषेक कालीरामण**
डायरेक्टर, सरस्वती विद्या विहार



SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

911 411 6000 | 911 411 8000
www.saraswatividyavihar.in
Asalwas Dubia, Bhiwani, Haryana, 127030